# अमेरिका से रिश्ते मजबूत करेगा यूपी

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि अमेरिका के साथ राज्य के व्यापारिक रिश्तों को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए अमेरिका के साथ स्ट्रेटजिक पार्टनर के रूप में काम होगा।

प्रदेश सरकार अमेरिकी निवेशकों को हर संभव सुविधाएं मुहैया कराएगी। दो साल में राज्य से अमेरिका को होने वाले निर्यात को तीन गुना बढ़ाते हुए 60 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल पार्टनरशिप तेजी से आगे बढ़ रही है। देश का सबसे बड़ा राज्य होने के नाते यूपी का भी इसमें अहम योगदान है। उत्तर प्रदेश में राजनीतिक स्थिरता है और निवेशक बिना किसी झिझक के यहां निवेश कर सकते हैं।



सिद्धार्थनाथ सिंह, एमएसएमई मंत्री

**60** हजार करोड़ अगले दो साल में यूपी से यूएसए को होने वाले निर्यात का लक्ष्य

**20** हजार करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्यात 2020-21 में उत्तर प्रदेश से अमेरिका को

**ग्लोबल सप्लाई चेन रिपोर्ट में एक चैप्टर अमेरिका परः** सिद्धार्थ नाथ सिंह ने शुक्रवार को अमेरिकन चैम्बर्स आफ कामर्स के इंडिया चैप्टर द्वारा आयोजित 29वें एजीएम कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि 2020-21 में उत्तर प्रदेश से अमेरिका को 20 हजार करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का निर्यात हुआ। आगामी दो वर्षों में इसे तीन गुना बढ़ा कर 60 हजार करोड़ करने का लक्ष्य है। राज्य ने पीडब्ल्यूसी से ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए रिपोर्ट तैयार कराई है। इसमें एक चैप्टर अमेरिका के लिए है।

## प्रदेश में और निवेश करने का भरोसा दिया

अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डा. नवनीत सहगल ने उद्यमियों को निवेश की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रेसिडेंट एंड चीफ एक्जिक्यूटिव लाकहेड मार्टिन इंडिया प्रा. लि. विलयम ब्लेयर ने कहा कि यूपी के साथ मिलकर डिफेंस क्षेत्र में कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनकी कंपनी उत्तर प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्री के लिए मजबूत पार्टनर के रूप में कार्य करेगी। डेल टेक्नालाजी की सीनियर एडवाइजर डायना फिलिप ने कहा कि उनकी कंपनी उत्तर प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों के लिए उच्च तकनीकी उपलब्ध कराएगी।